# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 29.10.2025

## चोरी करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान व घटना में प्रयुक्त उपकरण बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय थाना शाहपुर के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 446/2025 धारा 305(ए) बीएनएस, मु0अ0सं0 489/2025 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू निषाद पुत्र सुरेन्द्र निषाद निवासी हैदरगंज थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को चोरी के सामान व घटना में प्रयुक्त उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर 446/2025 में धारा 331(4),317(2) बीएनएस व 489/2025 में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.09.2025 की रात्रि को आवेदक के निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों द्वारा भवन का ताला तोड़कर विभिन्न प्लम्बिंग से सम्बन्धित सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-446/20255 पंजीकृत किया गया व दिनांक 22/23.10.25 की रात मे आवेदक के मिशो डिलिवरी हब से अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर अन्दर कमरे से BATTERY,Invertor,Desktop System,Camera Set और Company के कुछ पार्सल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 489/2025 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

सोनू निषाद पुत्र सुरेन्द्र निषाद निवासी हैदरगंज थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 446/2025 धारा 305(ए),331(4),317(2) बीएनएस थाना शाहपुर गोरखपुर
मु0अ0सं0 489/2025 धारा 305(ए),331(4),317(2) बीएनएस थाना शाहपुर गोरखपुर

**बरामदगी-**

12 अदद डिलिवरी पार्सल, 05 अदद पीवीसी वास पाईप, घटना मे प्रयुक्त एक अदद लोहे की छीनी, लोहे का राड, नगद 6250 रू0 व एक अदद ठेला

**गिरफ्तारी की टीम-**

1.प्र0नि0 नीरज कुमार राय थाना शाहपुर गोरखपुर
2.उ0नि0 साहब सिंह चौकी प्रभारी पादरीबाजार थाना शाहपुर गोरखपुर
3. उ0नि0 ओमप्रकाश थाना शाहपुर गोरखपुर
4. उ0नि0 अंकित पटेल थाना शाहपुर गोरखपुर
5. हे0का0 अनिल कुमार थाना शाहपुर गोरखपुर
6. का0 राहुल सरोज थाना शाहपुर गोरखपुर
7. का0 रोहित सिंह थाना शाहपुर गोरखपुर